TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




# 2024

teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

Thursday

**11 जुलाई 2020, शनिवार**

**विश्व जनसंख्या दिवस–** प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह आयोजन वर्ष 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की गवर्निंग काउंसिल द्वारा स्थापित किया गया था। यह 11 जुलाई 1987 ई. को विश्व की जनसंख्या पाँच बिलियन होने के उपलक्ष्य में स्थापित किया गया था। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व को जनसंख्या के मुद्दे पर जागरूकता को बढ़ाना तथा परिवार नियोजन, लिंग समानता आदि के महत्व को लोगों को बताना है।

**मंगोलिया का स्वतंत्रता दिवस–** मंगोलिया पूर्व–मध्य एशिया का एक देश है, जिसकी राजधानी उलनबटोर है। सन् 1911 में मंगोलिया ने स्वयं को स्वतंत्र घोषित किया। इसका नाम 1924 में 'मंगोलियन पीपुल्स रिपब्लिक' रखा गया किन्तु चीन ने इसे मान्यता नहीं दी। वर्ष 1992 में इसने अपना नाम बदल कर 'स्टेट ऑफ मंगोलिया' रखा। बच्चों को मंगोलिया की अवस्थिति के बारे में बताएं।

**आगा खां का निधन–** मुस्लिम लीग के संस्थापक सदस्य आगा खान तृतीय (सुल्तान सर मुहम्मद शाह) का निधन 11 जुलाई 1957 ई. को वारसोई, स्विट्जरलैंड में हुआ था। प्रथम विश्वयुद्ध शुरू होने पर आगा खाँ ने मित्र राष्ट्रों के उद्देश्यों का समर्थन किया, लेकिन इसके बाद शांति सम्मेलन में उन्होंने आग्रह किया कि तुर्की के साथ उदारता से पेश आया जाए। प्रथम विश्वयुद्ध में उनकी सहायता के लिए उन्हें 'नाइट' की उपाधि प्रदान की गई।



मधु प्रिया

# विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई



विश्व जनसंख्या दिवस हर वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाने वाला कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य जनसंख्या सम्बंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करना है। यह आयोजन 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की गवर्निंग काउंसिल द्वारा स्थापित किया गया था । यह 11 जुलाई 1987 को पांच बिलियन दिवस में सार्वजनिक हित से प्रेरित था, जिसकी अनुमानित तारीख जिस पर दुनिया की आबादी पांच अरब लोगों तक पहुंच गई थी। विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य विभिन्न जनसंख्या मुद्दों पर लोगों की जागरूकता बढ़ाना है, जैसे कि परिवार नियोजन, लिंग समानता , गरीबी , मातृ स्वास्थ्य और मानव अधिकारों का महत्व।संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 15 नवंबर 2022 को विश्व की जनसंख्या 8 अरब हो गई है। विश्व जनसंख्या दिवस 2023 का थीम, हमारी दुनिया की अनंत संभावनाओं को अनलॉक करने के लिए महिलाओं और लड़कियों की आवाज को ऊपर उठाना है रखा गया है। विश्व जनसंख्या दिवस की स्थापना 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की गवर्निंग काउंसिल (UNDP) द्वारा की गई थी। इस दिन की प्रेरणा 'Five Billion Day' से आई थी, जो 11 जुलाई, 1987 को मनाया गया था।आधुनिक भारत में जनगणना की शुरुआत वर्ष 1872 में पहली जनगणना हुई। लेकिन प्रथम समकालीन जनगणना की शुरुआत 1881 में मानी गई। वहीं स्वतंत्र भारत में वर्ष 1951 में पहली जनगणना हुई। प्रत्येक दस वर्ष के बाद भारत में जनगणना होती है।

# पुण्यतिथि विशेष 11 जुलाई

राकेश कुमार



## भीष्म साहनी

हिन्दुस्तान के बड़े अदीब (साहित्यकार). आज ही की तारीख़ (11 जुलाई 2003) में जिन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा.



**भीष्म साहनी** *Bhisham Sahni*; जन्म- 8 अगस्त, 1915, रावलपिण्डी, अविभाजित भारत; मृत्यु- 11 जुलाई, 2003, दिल्ली) प्रसिद्ध भारतीय लेखक थे। उन्हें हिन्दी साहित्य में प्रेमचंद की परंपरा का अग्रणी लेखक माना जाता है। वे आधुनिक हिन्दी साहित्य के प्रमुख स्तंभों में से एक थे। भीष्म साहनी मानवीय मूल्यों के सदैव हिमायती रहे। वामपंथी विचारधारा से जुड़े होने के साथ-साथ वे मानवीय मूल्यों को कभी आंखों से ओझल नहीं करते थे।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 11.07.2024

## व्यक्तित्व परीक्षण

व्यक्तित्व परीक्षण एक ऐसा उपकरण है जिसे मानव व्यक्तित्व का आकलन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। व्यक्तित्व परीक्षण का उपयोग भावनाओं, विचारों और व्यवहारों के विशिष्ट पैटर्न को समझने के लिए किया जाता है जो लोग विभिन्न स्थितियों में प्रकट करते हैं।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 420

## पोलियो टीका का खोज किसने किया ?

A. जोन्स साल्क

B. लेनक

C. एडवर्ड स्नोडेन

D. रोनाल्ड रॉस



www.teachersofbihar.org

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## विमेंस क्रिकेट

### विमेंस एशिया कप के विनर




| सीजन | फॉर्मेट | चैंपियन |
|---|---|---|
| 2004 | ODI | भारत |
| 2005–06 | ODI | भारत |
| 2006 | ODI | भारत |
| 2008 | ODI | भारत |
| 2012 | T20I | भारत |
| 2016 | T20I | भारत |
| 2018 | T20I | बांग्लादेश |
| 2022 | T20I | भारत |



आधुनिक हिंदी साहित्य के विख्यात साहित्यकार

# भीष्म साहनी

जी की पुण्यतिथि पर नमन।

8 अगस्त 1915- 11 जुलाई 2003

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
मुंबई जल्द ही अपने दूसरे क्रिकेट स्टेडियम की
शुरुवात करने जा रहा है। यह स्टेडियम वानखेड़े
स्टेडियम से 68 किलोमीटर दूर स्थित है जिसमें 1
लाख से अधिक दर्शकों के बैठने की जगह होगी।
www.teachersofbihar.org




बढती आबादी के कारण होने वाले दुष्प्रभावों और इससे जुड़े सभी मुद्दों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित कर उन्हें जागरूक करें एवं उपायों पर अमल करने के  पहल के लिए जागरुकता फैलाये।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

11 जुलाई 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

वह जिसके पास सब्र है वह

दुनिया में कुछ भी पा सकता है।

**बेंजामिन फ्रैंकलिन**



राकेश कुमार